www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : शुक्रवार , 27 फरवरी , 2026
अंक- 125 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चिंगारी

## कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी चार दिन की भारत यात्रा पर





# नहटौर विधायक ओमकुमार ने जनता दर्शन कर सुनी जनसमस्याएं


क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते विधायक ओमकुमार।

नजीबाबाद (चिंगारी)। लोकसभा क्षेत्र नगीना की विधानसभा नजीबाबाद में पहुंचकर नहटौर विधायक ओम कुमार ने जनता दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से भेंटकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ओम कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा एवं उनकी समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, कमल सैनी, वरुण आत्रेय, दुष्यंत, सरदार कुलवंत सिंह, राजकुमार, सरदार साहब सिंह, मंजीत सिंह, सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। विधायक ओम कुमार ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्य निरंतर प्राथमिकता के साथ किए जाते रहेंगे।



# महिलाओं ने होली उत्सव मनाया, एक-दूसरे को गुलाल लगाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। अग्रवाल महिला सभा का होली का उत्सव अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके आरती की गई। अध्यक्षा श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने सबको होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सबसे पहले होली किसने खेली। विनीता गोयल ने नृत्य प्रस्तुत कर होली का समा बांध दिया। ऊषा, राजरानी, अनुराधा, शालिनी अग्रवाल ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किये। सुशीला गोयल ने होली की बधाई देते हुए होली के महत्व को बताया। शिवानी व मीरा ने जहाँ-जहाँ राधा नामक गीत पर नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। नीतू, हिमानी, दीपिका, स्वाति ने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत करके सबको राजस्थान की सैर करायी। रश्मि सरल बनाएं सभी सदस्यायों को वितरित की। बिट्टू तायल ने सभी महिलाओं को होली की शुभकामनाएं दी। मीनाक्षी, जया, आरती, रमा, रिचा, सोनल, सुजाता व भावना ने रंग बरसे गाने पर नृत्य करके होली की धूम मचा दी। महिलाओं ने गुलाल व फूलो की होली खेलते हुए, एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बाद में सबने जलजीरा, गुजिया, समोसे का आनन्द लिया।

# शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को बीएसए को पत्र सौंपा



नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिलकर उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने अनावश्यक रूप से सीसीएल निरस्त ना करने तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का अनावश्यक उत्पीड़न बंद कराने, ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को उचित सम्मान दिये जाने, हाईकोर्ट द्वारा मोहम्मद यामीन बनाम उत्तर प्रदेश सरकार याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में मृतक आश्रित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाये जाने की मांग की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मोबीन हसन, सुधाकर चैधरी, सम्पूर्ण, सचिन राजपूत, मोहम्मद यामीन आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक स्तरीय स्थानीय प्राधिकरण ग्राम प्रधानों हेतु संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, ग्राम प्रधान जिला अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा की बालिकाओं द्वारा भ्रूण हत्या पर एक नाटक प्रस्तुत किया। एआरपी डॉ. राहुल वर्मा द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन कायाकल्प के 19 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। एआरपी रितेश भाटिया ने निपुण भारत पर अपने विचारों का प्रस्तुतीकरण किया। एआरपी सूची राणा ने डीबीटी द्वारा प्राप्त होने वाली सुविधाओं के विषय में आंकड़ों सहित अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारा परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों को ग्राम प्रधान द्वारा अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संपूर्ण गोष्ठी का समेकन करते हुए समीक्षात्मक बिंदुओं पर चर्चा कर मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंजू पचहरा, हर्षा पाल, किरन राजपूत, नीतू शर्मा, नीता तोमर, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, ग्राम प्रधान लाहक राकेश, देवेंद्र शर्मा, रामनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, अभय राम, अमित त्यागी, भुवनेश्वरी, पीतांबर सिंह, जयप्रकाश, तनवीर अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026

# शराब घोटाले में केजरीवाल- सिसोदिया बरी

## कोर्ट ने कहा- बिना सबूत आरोप साबित नहीं होते

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मामले में अदालत से बरी होने के बाद अरविंद केजरीवाल भावुक नजर आए। फैसले के बाद उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ पूरा का पूरा फर्जी केस बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा, ताकि आम आदमी पार्टी को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पांच बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। यहां तक कि एक सिटिंग मुख्यमंत्री को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जो भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उन्हें छह महीने तक जेल में रखा गया और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को

### रो पड़े केजरीवाल बोले- मैं करप्ट नहीं, पूरा केस फर्जी था

लगभग दो साल तक जेल में रहना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि यह पूरा मामला फर्जी था और उनकी छवि खराब करने के लिए उनके ऊपर कीचड़ उछाला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीवी चैनलों पर लगातार उन्हें भ्रष्ट बताया गया।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में जंग

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के ख़िलाफ़ युद्ध का ऐलान किया, हवाई हमले किये

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ बढ़ते टकराव के बीच पाकिस्तान ने उसके खिलाफ युद्ध घोषित करते हुए 'ऑपरेशन ग़ज़ब लिल-हक़' शुरू किया। सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज़ ने बताया कि आज तड़के पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने काबुल, कंधार और पक्तिया में महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान सरकार के साथ 'पूर्ण टकराव' की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'हमारा सब्र अब खत्म हो चुका है' और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच खुला युद्ध है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल अफगानिस्तान के किसी भी तरह के आक्रामक मंसूबे को कुचलने की पूरी क्षमता रखते हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आज अफगानिस्तान पर जवाबी हमलों के बाद कहा कि पाकिस्तान शांति और अपनी क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इन हमलों में 130 से अधिक तालिबान लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के अनुसार, 'ऑपरेशन ग़ज़ब लिल-हक़' के तहत हमले आज तड़के किए गए। यह कार्रवाई खैबर पख्तूनख्वा के चितराल, खैबर, मोहम्मद, कुर्रम और बाजौर सेक्टरों में गुरुवार शाम अफगान तालिबान की ओर से की गई बिना किसी



उकसावे की गोलीबारी के जवाब में की गई। मीडिया रिपोर्टों में काबुल और कंधार में धमाकों और गोलीबारी की खबर दी गई। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डूरंड रेखा के साथ कल की गई जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

# सजा सुनाये जाने पर मुजरिमों ने जज को जान से मारने की धमकी दी

## कहा- हम जानते हैं तू कहां रहता है!

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ श्री निजेन्द्र कुमार के न्यायालय में कल उस समय सनसनी फैल गई, जब न्यायाधीश द्वारा सजा सुनाये जाने पर मुजरिमों ने जज साहब को जान से मारने की धमकी दे डाली। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार धामपुर थानांतर्गत ग्राम मटौरा दुर्गा निवासी 64 वर्षीय पुखराज सिंह 19 मई 2024 को खेत में काम कर रहे थे, तभी चार व्यक्ति कार से आए और पुखराज सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुखराज सिंह की पुत्री अंजलि ने हमलावरों को पहचान लिया था, जिनमें शिवाला कला थाना क्षेत्र के ग्राम सिमला निवासी जयदीप पुत्र राजेन्द्र, पिंटू चौहान पुत्र राकेश चौहान निवासी शेरगढ़ थाना शिवाला कला व ऋषिपाल और एक अन्य व्यक्ति शामिल था। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने हत्या का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त जयदीप और पिंटू चौहान को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर दो वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत में उस समय हड़कम्प मच गया, जब फैसला सुनने के बाद दोनों अभियुक्तों ने न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार और मृतक की पुत्री अंजलि को जान से मारने की धमकी दी और कहा, 'हम जानते हैं कि तू कहां रहता है'। यह सुनते ही न्यायालय में सन्नाटा छा गया। न्यायाधीश ने इस सम्बन्ध में गृह सचिव, जिला जज व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर जानकारी दी।

**आवश्यकता है**

प्रेमा सत्यवीरा कन्या इण्टर कॉलेज मण्डावर में विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, हिन्दी, चित्रकला, उर्दू विषय को पढ़ाने हेतु योग्य अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय कार्यालय में संपर्क करें।

मो. 8445271443




खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans




**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476






**भली लगे या बुरी...**

## उत्तर प्रदेश में उभरते समीकरण

अगले साल यानी 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर यूं तो अनेक राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा राज्य में हैट्रिक लगाने के लिये न सिर्फ एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, बल्कि फूंक-फूंक कर कदम रखते हुए राजनीति की बिसात पर अपने मोहरें बड़ी सावधानी के साथ फिट कर रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती को दिल्ली में टाइप 8 का बड़ा बंगला आबंटित किया गया है। भले ही इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया जा रहा हो, पर इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मायावती और बसपा के प्रति आक्रामक नहीं हैं। और बसपा सुप्रीमो मायावती भी भाजपा के प्रति नरम रवैया अपनाये हुए हैं। खास रणनीति के चलते मायावती को टाइप 8 का बंगला आवंटित किया गया है। सुश्री मायावती ने युवा कांग्रेसियों द्वारा एआई समिट के अवसर पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन का भी विरोध किया है। इससे पहले मायावती अपनी लखनऊ रैली में योगी सरकार की प्रशंसा कर चुकी हैं। हाल ही में मायावती ने उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया है। जाहिर है बहुकोणीय लड़ाई का सीधा लाभ सत्तारूढ़ भाजपा को मिलेगा। और भाजपा इसी रणनीति के तहत गोटियां फिट कर रही है। बसपा के एकमात्र विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापामारी को भी अगले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इस छापेमारी के द्वारा बसपा सुप्रीमो को सीधा संदेश दिया गया है। भाजपा द्वारा मायावती के साथ-साथ अन्य दलों को भी अप्रत्यक्ष रूप से कई ऐसे दलों को लड़ाई में आने के लिये आमंत्रण दिया जा रहा है, जो भाजपा विरोधी मतदाताओं में विभाजन कर सकें। यदि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम भी बड़ी संख्या में अपने उम्मीदवार मैदान में उतारती है तो इसका सीधा-सीधा नुकसान सपा और कांग्रेस को हो सकता है। उधर, चन्द्रशेखर आजाद कई छोटे दलों के साथ गठबंधन करके मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। अगले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश में ऐसी चुनावी तस्वीर उभर कर सामने आ सकती है, जिसमें एक जैसे रंगों के दल अलग-अलग नजर आयेंगे।

# महोत्सवों का कभी समापन नहीं होता, उन्हें विराम दिया जाता है- डा. व्यस्त

## वर्धमान कालेज में सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय भव्य युवा महोत्सव



प्रयास चैम्पियन 2026 कृष कुमार को ट्रॉफी व प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए अतिथिगण।

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कालेज में तीन दिवसीय युवा महोत्सव 'प्रयास 2025-26' का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित भव्य समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में डा. जयपाल सिंह 'व्यस्त' सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि सकारात्मक प्रयास कभी विफल नहीं होते, उनके सुफल प्राप्त होते हैं।

एमएलसी डा. व्यस्त ने युवा महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि महोत्सव का कभी समापन नहीं होता, उन्हें विराम दिया जाता है। उन्होंने प्रयास शब्द की परिभाषा बताते हुए कहा कि यह किसी कार्य को करने के लिए लगाई गई उर्जा और निरन्तरता को दर्शाता है। कहा कि अच्छी सोच के साथ किया गया प्रयास और परिश्रम व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास करना है तो मंचो से भागिये नहीं, बल्कि मजबूती से अपने आपको प्रस्तुत कीजिए। उन्होंने कालेज प्रबंधन और प्रयास टीम के प्रयासों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री चंदन मिश्रा चीफ मैनेजर एसबीआई बिजनौर ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों की जिजीविषा की सराहना करते हुए कहा कि लक्ष्य को निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। इसी क्रम में पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने प्रयास चैम्पियन 2026 के रूप में कृष कुमार के नाम का उद्घोष किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सुबोध चंद शर्मा, डा. सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जे.के. विश्वकर्मा, सह समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, सह समन्वयक प्रो. शशिप्रभा, आयोजन सचिव डा. वैशाली पूनिया, संयुक्त आयोजन समिति सचिव डा. रेशु शर्मा एवं डा. दिव्या जैन तथा प्रयास टीम के सदस्य डा. मनीष गुप्ता, डा. बबीता चौधरी और डा. सुनील पंवार रहे। संचालन डा. वैशाली पूनिया और डा. रेशु शर्मा ने किया।

### सामूहिक प्रयास से 'प्रयास' को अभूतपूर्व सफलता मिली- प्रो. प्रीति खन्ना

प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सफलता के लिए हमें निरन्तर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों और सहयोग से युवा महोत्सव को अभूतपूर्व सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव केवल एक महोत्सव नहीं बल्कि प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत मंच है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. धर्मेन्द्र कुमार ने युवा महोत्सव में सहयोग से सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की, जबकि डा. रेशु शर्मा ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की आख्या बेहद रोचक अंदाज में पेश की।

### 23 प्रतियोगिताओं में 800 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

वर्धमान कालेज के तीन दिवसीय युवा महोत्सव के अन्तर्गत 23 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 800 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य रूप से सोलो डांस, सोलो सिंगिंग, शोकेसिंग, सैल्फी प्वाइंट, रैम्प वॉक, प्रोडक्ट मार्केटिंग, रंगोली मेकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, वाद-विवाद, पेंटिंग ऑन द स्पॉट, क्विज, फेंसी ड्रेस, स्वरचित काव्य पाठ, नीडल एंड थ्रेड आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कृष कुमार को युवा महोत्सव चैम्पियनशिप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

# सांसद रुचि वीरा व डा. रमेश तोमर के बीच जमीनी विवाद ने तूल पकड़ा



**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां बैराज रोड स्थित जमीन को लेकर मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा व सपा के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर के पुत्र रजनीश तोमर के बीच विवाद ने गुरुवार को उस समय तूल पकड़ लिया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। तनाव बढ़ता देख प्रशासन ने सांसद द्वारा ज़मीन पर कराया जा रहा निर्माण कार्य फिलहाल रुकवा दिया।

यहां बैराज रोड पर मौज़ा फरीदपुर क़ाज़ी उर्फ़ खेड़की में सावित्री देवी ट्रस्ट की ज़मीन है। इस ट्रस्ट के अध्यक्ष सपा के वरिष्ठ नेता डा.रमेश तोमर के पुत्र रजनीश तोमर हैं। उक्त ज़मीन के पास सांसद रुचि वीरा की भी ज़मीन है। सांसद रुचि वीरा का आरोप है कि राजनीश तोमर ने उनकी ज़मीन अवैध रूप से दबा रखी है। सांसद के अनुसार रजनीश ने उनकी ही नहीं ग्राम समाज व अन्य कुछ लोगों की भी ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर रखा है। दूसरी ओर राजनीश तोमर द्वारा जिलाधिकारी को दिये पत्र में आरोप लगाया गया है कि चकबन्दी, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ट्रस्ट की अकृषिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में मामला सक्षम न्यायालय सीओ चकबन्दी में विचाराधीन है।

दूसरी ओर, सांसद रूचि वीरा का कहना है कि उन्होंने 27 जनवरी को जिलाधिकारी को अपनी जमीन की पैमाइश हेतु प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर चकबंदी व राजस्व विभाग की टीम ने 16 फरवरी को ज़मीन की पैमाइश कराकर पुलिस की मौजूदगी में उनके पिलर लगवा दिये थे। वे गुरुवार की सुबह अपनी ज़मीन में निर्माण करना चाहते थे कि ट्रस्ट के लोग आ गये। रुचि वीरा के अनुसार मौके पर कोई झगड़ा नहीं हुआ। रुचि वीरा का कहना है कि कि यदि तोमर चाहें तो पुन: पैमाइश करा लें, उनकी एक मीटर जमीन निकले तो हम दो मीटर देने को तैयार हैं, लेकिन अगर हमारी ज़मीन निकली तो हम अपनी ज़मीन तो लेंगे ही। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है।

## भाकियू लोकशक्ति के जिला सचिव मनोज की सड़क हादसे में मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** भाकियू लोकशक्ति के जिला सचिव मनोज कुमार की आज सुबह सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मौत से उनके घर में



कोहराम मच गया तथा संगठन में शोक छा गया। क्षेत्र के ग्राम इस्माईलपुर निवासी मनोज कुमार (45 वर्ष) पुत्र चयन सिंह आज सुबह मोटरसाइकिल से ग्राम पीपलसाना स्थित पेपर मिल में ड्यूटी पर जा रहे थे। चांदपुर-नूरपुर रोड पर भगवंत पब्लिक स्कूल के सामने वाहन की टक्कर लगने से मनोज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर एक पिकअप भी पलटी पड़ी है, किस वाहन की टक्कर लगने से मनोज कुमार की मौत हुई, पुलिस इसकी छानबीन में लगी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कसी

## संवेदनशील स्थानों व जुलूस मार्गों पर रहेगी पैनी नज़र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** होली और ईद-उल-फितर के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी अभिषेक झा ने राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित बैठक में एसपी अभिषेक झा ने स्पष्ट कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश दिये। बैठक में एएसपी देहात प्रकाश कुमार, एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी संग्राम सिंह, सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह, सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान जनपद के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जुलूस मार्गों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार करने को कहा गया। त्यौहारों के दौरान पुलिस की मौजूदगी सिर्फ दिखनी ही नहीं चाहिए, बल्कि उसका प्रभाव भी महसूस होना चाहिए।

### सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग होगी

त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलने की आशंका को देखते हुए मॉनिटरिंग और मजबूत करने के निर्देश दिये गये। किसी भी भ्रामक पोस्ट या आपत्तिजनक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया। आईटी सेल को विशेष रूप से सक्रिय रहने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया। शांति भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ तत्काल और कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अफ़वाह फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### जिम्मेदार लोगों के सम्पर्क में रहें

बैठक में सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में प्रभावी संवाद स्थापित करने की सलाह दी गई। स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और आयोजकों के साथ समन्वय बनाकर रखने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी की स्थिति न बने। साथ ही अधिकारियों को निरंतर गश्त और सतर्क निगरानी बनाए रखने को कहा गया। एसपी अभिषेक झा ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं और पुलिस की जिम्मेदारी है कि आमजन सुरक्षित माहौल में इन्हें मना सकें।

# तमंचे की नोक पर दुष्कर्म करने वाले को 10 साल की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने मोहम्मद आरिफ को दोष सिद्ध पाकर 10 वर्ष की कठोर कारावास तथा बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले के दो अन्य आरोपी शेर मोहम्मद व महिला महताब जहां को पर्याप्त सबूत न मिलने के कारण उन्हें दोषमुक्त कर दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि उसका पति बेंगलुरु में रहकर काम करता है। 7 जुलाई 2024 को पीड़ित दवाई लेकर अपने घर वापस आ रही थी। इसी बीच पीड़िता के मोबाइल पर अभियुक्त की मां महताब जहां ने कॉल कर पीड़िता को बताया कि वह उधार के पचास हजार रुपए दुकान से आकर ले जाए। पीड़िता दुकान पर पहुंची तो अभियुक्तों ने उसे दुकान के पास बने कमरे में बैठा दिया। इसी बीच महताब जहां और शेर मोहम्मद कमरे से बाहर उन्होंने बाहर आये और से कमरे का ताला लगा दिया। अंदर मौजूद मोहम्मद आरिफ ने तमंचे के बल पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बचाव में पास में पड़ी ईंट से ताला तोड़ने की कोशिश की और चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों ने पीड़िता को बचाया। इसी बीच अभियुक्त ने पीड़िता की वीडियो बनाकर उसके पति के नंबर पर भेज दी। जिस कारण पीड़िता के पति ने उसको तलाक़ दे दिया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए महिला के न्यायालय में बयान दर्ज कराकर चार्जशीट दाखिल की। गुरुवार को न्यायालय ने औपचारिकता पूरी करते हुए मोहम्मद आरिफ को दोषी पाकर उसे सजा सुनाई, जबकि दोषी आरिफ के भाई शेर मोहम्मद और उसकी मां महताब जहां को ठोस सबूत के अभाव में बरी कर दिया।



मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर


नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:20, शिया-5:13

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to: manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE: K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट


फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# 'अपना बाज़ार अपना सामान' विषय पर दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

## स्थानीय बाज़ार से सामान खरीदने का दिया संदेश



**धामपुर ( चिंगारी )।** लोकल व्यापार को बढ़ावा देने के संदेश में दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 'अपना बाज़ार, अपना सामान' विषय पर जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

यह नुक्कड़ नाटक शहर के प्रमुख स्थानों भगत सिंह चौक, बड़ी मंडी तथा पुराने धामपुर की चुंगी पर प्रस्तुत किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन खरीदारी के बजाय अपने स्थानीय बाज़ार से सामान खरीदने के लिए प्रेरित करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से छोटे दुकानदारों और स्थानीय रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भावपूर्ण अभिनय और सशक्त संवादों के ज़रिए यह भी बताया गया कि लोकल बाज़ार से खरीदारी करने से न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलती है, बल्कि अपने ही क्षेत्र की आर्थिक उन्नति होती है। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में हंशिका चौहान, शगुन, दीपाली राजपूत, अनुष्का शर्मा, संयम, अरशियान, शादान, सुमित, भाव्या, अदीबा, इति श्री, सोबिया, ज़ैबा, यामन, सुनिधि और ज़ुनैरा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आयशा तथा शिक्षक मोहित, कार्तिक युगदल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और इस सामाजिक संदेश को सराहनीय पहल बताया।

# भाजपा सरकार में ही प्रदेश व देश का विकास संभव : शमीम अहमद



शमीम अहमद

**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता शमीम अहमद फल आढ़ती का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही उत्तर प्रदेश और देश का विकास संभव है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, संगठन को नए रूप में खड़ा करने के लिए युवाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर युवा चेहरे को बैठाया और अब धामपुर नगर अध्यक्ष के पद पर युवा, ऊर्जावान, कर्मठ समाजसेवी दीपक अग्रवाल को मनोनीत करके युवाओं को संदेश देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के बल पर ही प्रदेश और देश को प्रगति और उन्नति के शिखर पर ले जाया जा सकता है। आज भारत में सबसे ज्यादा युवा शक्ति है जो देश का भविष्य है।

आज भारत युवा शक्ति के बल पर तेजी से प्रगति और उन्नति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र की सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को औद्योगिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए सिंगापुर और जापान का दौरा करके वहां की कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामपुर नगर सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल है। यहां रहने वाले लोग एक दूसरे के त्यौहार में शामिल होकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।






# स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के विषय में दिया गया प्रशिक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** आईटीसी मिशन 'सुनहरा कल' एवं नगर पालिका परिषद धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल के नेतृत्व में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 हेतु नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विकास लोहरा, लिपिक नितिन अग्रवाल, विकास कुमार और समस्त सफाई नायक, डोर टू डोर सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों को आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षक श्री तबरेज़, रजनीश लाम्बा के द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।








# शिशु मंदिर में कक्षा 8 की बहनों का आशीर्वाद कार्यक्रम हुआ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अष्टम की बहनों का आशीर्वाद कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना की गई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात बहन जिज्ञासा ,मिहिका व जीविका तथा पारुल रानी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। सप्तम कक्षा के कक्षा आचार्य श्याम सुंदर द्वारा बहनों का मार्गदर्शन किया वहीं भावना, पारुल ने राधा रानी आजा तथा इशिका द्वारा 'राधा गोरी' पर नृत्य प्रस्तुत किया। आचार्य भूपेंद्र कुमार ने कहा कि अपने गुरु और माता-पिता के प्रति समर्पण भावना हमें श्रेष्ठ बनती है। आचार्य धर्मवीर सिंह द्वारा गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा किया गया।

# पासपोर्ट सेवा केन्द्र प्रभारी पांडे जी को भावभीनी विदाई दी



पासपोर्ट सेवा केंद्र के प्रभारी एस. के. पांडे को विदाई देते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, धामपुर के तत्वावधान में नगीना पासपोर्ट सेवा केंद्र के सेवा केंद्र प्रभारी एवं वेरिफिकेशन ऑफिसर एस.के. पांडे के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके नगीना से मुख्य पासपोर्ट सेवा केंद्र, बरेली स्थानांतरण पर व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल प्रभारी जावेद रहमान शम्सी ने कहा कि पांडे जी जैसे कर्तव्यनिष्ठ और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले अधिकारी बहुत कम देखने को मिलते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने व्यापारी हितों के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे संघर्षों की जानकारी दी। एस.के. पांडे ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किये। अंत में व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा एस. के. पांडे व उनके सुपुत्र चिराग पांडे को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष एस. पी. सलूजा, शिवेंद्र अग्रवाल, असलम फरीदी, सुहैल डिज़ाइनर, सलमान फरीदी, मंजीत सिंह सलूजा, इरशाद मंसूरी, श्यान शम्सी, नवीन अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ, अजित चावला, शोएब मैक्स, सौरभ अग्रवाल, अशोक दुआ आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को जिला प्रशासन कटिबद्ध-डीएम



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने होली एवं ईदुल फितर त्यौहार को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाये जाएंगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दूसरे सम्प्रदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमज़ान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आह्वान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा संप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन होली, रमज़ान, ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है।

## एक-दूसरे की भावनाओं व रीति-रिवाज का सम्मान करते हुए मनायें त्यौहार-एसपी



पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ आगामी त्यौहार रमज़ान, होली एवं ईद उल फितर को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए विस्तार से थानावार चर्चा की तथा होली त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जुलूस के बारे में जानकारी की गयी तथा होली, रमज़ान, ईद उल फितर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तौगी, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी व ग्रामीण, समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस, सभी संबंधित विभागीय अधिकारी सहित समस्त थाना प्रभारी व विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु एवं संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## ओवर लोडिंग वाहनों पर नियंत्रण के लिए दिन-रात चलाया जायेगा चैकिंग अभियान



### अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ़ कार्यवाही के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उपसंभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में ओवर लोडिंग वाहनों पर नियंत्रण के लिए दिन और रात दोनों समय में निरीक्षण करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़क से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों, विशेष रूप से मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी प्वाइंट्स एवं ब्लाइंड मोड़ों पर मोड़ से कम से कम एक किमी. पहले जगह-जगह पर साइनेज, रिफ्लेक्टर एवं स्पीड ब्रेकर्स निर्माण की गंभीरतापूर्वक समुचित व्यवस्था करें ताकि वाहन चालक सचेत होकर ड्राइविंग करें और दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सड़क पर कोई भी अनफिट वाहन संचालित होता हुआ नज़र नहीं आना चाहिए।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला सड़क समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि फिटनेस किये गये वाहनों में विजुअल स्टीकर लगाएं, जिससे दूर से देखने में आसानी हो। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी को रेड लाइट जंपिंग, ओवर स्पीडिंग, मोबाइल फोन व शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन-जिन जगह पर ज्यादा सड़क दुर्घटनायें हो रही हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए तत्काल आवश्यक सुधार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:20, शिया-5:13


## प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिये नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक

### आरबीडी महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में प्राचार्या प्रो.पारुल त्यागी के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो.पारुल त्यागी, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सूर्यमणि रघुवंशी प्रधान संपादक चिंगारी, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो.मंजू अरोड़ा, समाजशास्त्र विभाग अध्यक्षा, डॉ.मंजू चौधरी एवं प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।



बी.एड. विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावी व्यक्तित्व, व्यवहार कुशलता और नैतिक मूल्यों का होना भी अतिआवश्यक है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री सूर्यमणि रघुवंशी ने छात्राओं को संचार कौशल, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शारीरिक बल से ज्यादा आत्मिक बल को महत्वपूर्ण बताते हुये जीवन में श्रम व अनुशासन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

छात्राओं ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने और सार्वजनिक मंच पर अपनी बात प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की प्रेरणा मिली है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बीएड विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह ने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचान निरंतर सीखने और असफलताओं से घबराने की बजाय उन पर विजय पाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन एम.एड. विभागाध्यक्षा डॉ. नज्मुन्निशा ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में बी.एल.एड. विभाग अध्यक्षा डॉ.सारिका सिंह, मुकुल पवार, डॉ. शीरीन फातिमा, प्रताप सिकदार, रेनू कुमारी, रुकैया, हिमानी, ज्योति एवं अनुष्का का विशेष योगदान रहा।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

विवेक सेन



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:20, शिया-5:13

# काशीरामपुर में तालाब व घरों के पानी के लिये गये नमूने

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** जल निगम की टीम के लैब टैक्नीशियन विशाल कुमार, अंकित वर्मा ने टीम सहित काशीरामपुर पहुंचकर गांव में बने तालाब, सरकारी हैंडपंपों, घरों में लगे सबमर्सिबल, हैंडपंप व जल निगम की पेयजल टंकी के पानी सहित 20 सैंपल जांच को लिये है। जल निगम के लैब टैक्नीशियन विशाल कुमार ने बताया कि गांव में दोबारा से पानी की जांच के लिए नमूना लिया गया है। जांच में हैंडपंपों के पानी के साथ तालाब के पानी का नमूना भी लिया गया है। पहले लिए गए पानी के नमूने में 7 सरकारी हैंडपंपों का पानी फेल होने के कारण उनको क्रास कराकर उनका पानी ना पीने लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। ग्राम काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी को देखते हुए जल निगम के लैब टैक्नीशियन विशाल कुमार ने गांव में पहुंचकर तालाब से पानी का सैंपल जांच के लिए लिया। तालाब से पानी का सैंपल लेते



तालाब से जांच के लिए पानी का सैम्पल लेते टेक्नीशियन।

समय उन्हें तालाब के किनारे मगरमच्छ दिखाई दिया। उधर ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब में दो मगरमच्छ दिखाई देते है। कई बार वन विभाग को सूचना दी गई है। लेकिन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## ग्राम काशीरामपुर में सफाई व्यवस्था चौपट, ग्रामीणों में भारी रोष



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम काशीरामपुर में सफाई व्यवस्था चौपट होने से जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों पर ग्रामीणों ने रोष जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कैंसर की बीमारी फैलने से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि अभी गांव में काफी लोग कैंसर से पीड़ित है। इसके बावजूद गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था खराब होना सही नहीं है। बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया ने काशीरामपुर गांव पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। गांव में तालाब किनारे व सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर देखकर नाराजगी जताई। गांव में अतिरिक्त सफाई कर्मियों के द्वारा गांव में सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई गई। साथ ही कीटनाशक दवा का स्प्रे भी कराया गया।

## कैंसर पीड़ितों को आयुष्मान का लाभ न मिलने से आर्थिक परेशानी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ितों को आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिलने के कारण उपचार कराने में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार को स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. कोनैन अली, डॉ. मुस्कान सचदेवा ने स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ गांव के स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें करीब 110 मरीजों की जांच की गई। जांच के बाद नौ मरीजों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। डॉ. गौरव ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के दौरान सभी ग्रामीणों को साफ-सफाई का ध्यान रखने तथा गांव के जांच में फेल पाए गए हैंडपंपों का पानी न पीने की सलाह दी गई। गांव निवासी धनीराम सिंह, सुशील राठी व सुदेश गुप्ता आदि का कहना है कि गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। जिला स्तर के किसी भी अधिकारी ने गांव आकर अभी तक ग्रामीणों की सुध नहीं ली है। जबकि गांव में कैंसर से हो रही मौतों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## ब्लॉक प्रमुख ने गांव पहुंचकर जाना कैंसर पीड़ितों का हाल

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर का दौरा कर ग्रामीणों से मिलकर कैंसर से पीड़ितों का हालचाल जाना। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हो रही जांच को औपचारिकता बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बार-बार संपर्क कर गांव की स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। काशीरामपुर गांव की स्थिति भयंकर है। गांव में कैंसर के कारण अब तक 28 मौत हो चुकी है। 5 ग्रामीण अभी भी कैंसर से पीड़ित है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जबकि गांव में कैंसर फैलने की जांच होना जरूरी है।**

---

# द्वितीय स्वर्णरथ यात्रा के साथ चार दिवसीय महोत्सव समाप्त

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे चार दिवसीय 141 वें वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव का दूसरी विशाल स्वर्ण रथयात्रा के साथ समापन हो गया है। रथ यात्रा में पहली बार शामिल की गई विंटेज कार के अलावा कुबेर रथ एवं सकल जैन समाज के नागरिकों द्वारा सिरों पर बांधी गई राजस्थानी पगड़ियां और गले में पड़े हुए पटके मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बने रहे। मंदिर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन, महासचिव आलोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जैन के अलावा संयोजक अरुण कुमार जैन, सहसंयोजक सौरभ कुमार जैन के संयोजन में निकाली गई रथ यात्रा का शुभारंभ मनोज कुमार जैन के संयोजन में सामूहिक बोलियों से किया गया, जिसके अंतर्गत खवासी की बोली संजीव कुमार जैन एवं विपुल कुमार जैन, सारथी को बोली संजीव कुमार जैन एवं सार्थक जैन, कुबेर की बोली मनोज कुमार जैन एवं विकास जैन, प्रथम इंद्र की बोली दीपक कुमार जैन एवं राखी जैन, द्वितीय इंद्र की बोली पंकज जैन एवं गर्वित जैन, मंगल कलश तथा मंगल आरती की बोली



स्वर्णरथ पर सवार ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव जैन

दीपक कुमार जैन एवं पारुल जैन तथा विंटेज कार की बोली प्रवीन जैन ने ली।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र जैन तंबाकू वाले, अवधेश चंद्र जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, संयम कुमार जैन, शुभम जैन, ऋषभ जैन, सार्थक जैन, संजय कुमार जैन, व्यापारी नेता सुगम जैन, करुणा निधि जैन, सम्यक जैन, विपुल जैन, विजय जैन चचा चाय वाले,



भजन प्रस्तुत करते हुए प्रदीप जैन शास्त्री

अभिषेक जैन, अनुज जैन, अजय जैन, उदित जैन, आदित्य जैन, पंडित प्रदीप कुमार जैन शास्त्री, दीपेश जैन, पंकज जैन, राजेश जैन, अमन जैन, नमन जैन, वंदित जैन, विशाल जैन, सौरव जैन, तुषार जैन, विकास जैन एडवोकेट, अशोक जैन, पंकज जैन को सम्मानित किया गया।

रथ यात्रा जब शुभम मंडप में पहुंची तो वहां मीना जैन के संरक्षण में नमन जैन, शीतल जैन, दर्शनी जैन, राजेश जैन, आराधना जैन, दीपेश जैन, दीपाली जैन, अपूर्व जैन, पूजा जैन, रितिक जैन, लिटिल जैन, नैंसी जैन आदि ने पांडुक शिला पर श्री जी का अभिषेक किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, निखिल छाबड़ा, सन्नी सुशील चोपड़ा, सरदार सुरजीत सिंह ज्ञानी, भाजपा नेता गौरव पोसवाल आदि को सम्मान प्रदान किया गया।

रथ यात्रा में शामिल झांकियों में मुख्य रूप से पचरंगा ध्वज धर्मचक्र, अहिंसा परमो धर्म रूपा शंकर पार्टी, धर्म चक्र टिकटिकी ऐरावत हाथी, टिक्की मान स्तंभ, ताशा पार्टी, छोटा रथ, विद्यासागर जी महाराज की झांकी, इंडिया नहीं भारत बोलो के अलावा चार गड्ढूलने परिक्रमा करते हुए, गाय और शेर झांकी, नमोकार मंत्र झांकी, मिशन सिंदूर झांकी, भगवान को पनडुकशीला ले जाते हुए हमारा एरावत हाथी झांकी, कुबेर पाल की थैली, आर्केस्ट्रा ट्रॉली आदि शामिल रहे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद यह विशाल रथ



विंटेज कर में सवार प्रवीण जैन

यात्रा मंदिर में ही पहुंचकर संपन्न हुई, जहां 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर की मूर्ति को निर्धारित बेदी पर विराजमान करके अभिषेक एवं पूजा अर्चना से संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्णता दिलाई गई। इसी के साथ चार दिवसीय महोत्सव का भी समापन हो गया है।

# नवादा की ग्राम पंचायत के अधिकार सीज़

## जांच में आरोप सही पाये गये

**हल्दौर ( चिंगारी )। विकास खंड हल्दौर की ग्राम पंचायत नवादा की ग्राम प्रधान की ग्रामीणों द्वारा ग्राम में हुए कार्यों की शिकायत करने के उपरांत हुई जांच में विभिन्न कार्यों में दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उनके वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिये हैं।**

जानकारी के अनुसार ग्राम नवादा की ग्राम प्रधान श्रीमती सोनम के विरुद्ध ग्रामीण सत्यम चौधरी, परवेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, वीर सिंह, सोमेंद्र, जगत सिंह व अमित कुमार आदि निवासीगण ग्राम पंचायत नवादा विकास खंड हल्दौर के द्वारा शपथ पत्र देकर ग्राम में कराए गए कार्यों के करीब 9 बिंदुओं की शिकायत की थी, जिनमें हैंडपंप रिबोर कार्य, सीसी रोड का कार्य आदि की शिकायत शामिल थी। जिनकी सक्षम अधिकारियों द्वारा जांच कराई गई। जांच में प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान व संबंधित सचिव दोषी पाए गए हैं। जिसके आधार पर गत 20 फरवरी को जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने तथ्यों के आधार पर आरोपों की पुष्टि को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान नवादा के वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों के संपादन से विरत/ निलंबित कर दिया है तथा अग्रेतर जांच हेतु जिला विकास अधिकारी बिजनौर व अधिशासी अभियंता आरआईडी बिजनौर को जांचाधिकारी नियुक्त/ नामित करते हुए आदेशित किया है कि वह उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 एवं जांच नियमावली 1997 के नियम 06 एवं 07 के अनुरूप में निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत यथाशीघ्र जांच कार्यवाही पूर्ण कर जांच रिपोर्ट यथाशीघ्र अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर को भी संबंधित सचिव व कंसल्टिंग इंजीनियर द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास/ निर्माण कार्यों में लापरवाही/ शिथिलता बरतने के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार विभागीय करवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उधर सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुशील कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिलाधिकारी के आदेश को ग्राम प्रधान श्रीमती सोनम को रिसीव करा दिया गया है।

## गन्ने की पैदावार बढ़ाने और रोगमुक्त गन्ना बीज के प्रयोग पर बैठक में दिया जोर



**शेरकोट ( चिंगारी )**। सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के शेरकोट सर्किल के डायरेक्टर रणजीत सिंह के आवास पर आयोजित हुई बैठक में गन्ने की पैदावार बढ़ाने और रोगमुक्त गन्ना बीज के प्रयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। बृहस्पतिवार की दोपहर डायरेक्टर रणजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में रोहिताश सिंह (संचालक), अमित पांडे (एस.सी.डी.आई.), विनोद कुमार सिंह (सचिव, गन्ना समिति धामपुर), ओमवीर सिंह (गन्ना महाप्रबंधक, शुगर मिल धामपुर), शूरवीर सिंह (डायरेक्टर, बिरला ग्रुप), राजवीर सिंह गहलौत (डायरेक्टर, जिला सहकारी संघ बिजनौर), उमेश बिसेन (गन्ना महाप्रबंधक, द्वारकेश शुगर मिल अफजलगढ़), सतीश चौहान, शिव कुमार तथा चंद्रप्रकाश उर्फ बिट्टू चौहान आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीज का उपयोग करने, समय से बुवाई करने तथा गन्ने में लगने वाले प्रमुख रोगों की रोकथाम के लिए वैज्ञानिक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। गन्ना महाप्रबंधकों ने बताया कि यदि किसान रोगमुक्त बीज एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। बैठक में गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी जाएगी और उन्हें अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में आपसी सहयोग और किसानों के हित में कार्य करने के संकल्प लिया गया।

## पुलिस प्रशासन के साथ 101 लोगों के कंधों पर भी होगी जुलूस की जिम्मेदारी



हवन होली रंग गुलाल समिति की बैठक में हिस्सा लेते पदाधिकारीगण।

**नगीना ( चिंगारी )। दुल्हैंडी के दिन चार मार्च को हवन होली रंग गुलाल समिति के तत्वावधान में निकलने वाले सूखे रंग गुलाल के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की जिम्मेदारी इस बार पुलिस प्रशासन के अलावा समिति के 101 लोगों के कंधों पर भी होगी। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से सद्भावपूर्ण संपन्न कराने के लिए समिति की हुई बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी का वितरण किया गया। इस बार सुखे रंग गुलाल के जुलूस में फूलों की भी होली खेली जाएगी।**

**हवन गुलाल जुलूस की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए रात्रि समिति की एक बैठक समिति के संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता के आवास पर समिति अध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता व समिति के मंत्री दीपक अरोड़ा के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में समिति के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों व सदस्यों ने विचार-विमर्श कर जुलूस की व्यवस्थाओं व तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष द्वारा जुलूस की जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि इस वर्ष जुलूस में गुलाल के साथ-साथ फूलों का प्रयोग भी किया जाएगा। जुलूस में ऊंट, डीजे, ढोल, ताशे, गुलाल के साथ-साथ हास्य विनोद के लिए अन्य चीजों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पुरे जोश व उत्साह के साथ निकाला जायेगा। बैठक में अनिल गुप्ता बंधु, सुशील गुप्ता, विनोद अग्रवाल, सौरभ मित्तल, भाजपा नेता रोहित रवि, मोहित गोयल, शलभ गोयल, पंडित सचिन शर्मा, लवी मित्तल, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, संजीव अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, हर्ष गोयल आदि मौजूद रहे।**

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## विधायक ओमकुमार, उनकी पत्नी शोभा रानी और ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र सिंह ने दिया आशीर्वाद

**हल्दौर ( चिंगारी )**। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत ब्लॉक क्षेत्र के करीब 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 50 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा रानी व ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेन्द्र सिंह ने नवविवाहित सभी जोड़ों को उपहार प्रदान कर और पुष्पवर्षा कर अपना आशीर्वाद दिया।

यहां गंज रोड स्थित एक बैंकट हॉल में वृहस्पतिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम में करीब 251 चयनित लाभार्थियों का विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 201 हिन्दू तथा 50 मुस्लिम जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह कार्यक्रम में 201 हिंदू जोड़ों को पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज ने हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया, जबकि 50 मुस्लिम



जोड़ों को हाफिज मौ. अय्यूब ने निकाह पढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ओमकुमार उनकी धर्मपत्नी भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी व ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए विवाह प्रमाण-पत्र और नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी प्रदान किये। इस मौके उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए एक सराहनीय एवं कल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराए जा रहे हैं। यह योजना सामाजिक समरसता एवं बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वकांशी योजना है, जिसका सभी धर्मो व जाति के लोग लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में वर-वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, बीडीओ सीपी पांडे, एडीओ समाज कल्याण रवि कुमार शर्मा, एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ एसटी अरेंद्र सिंह, पंचायत सचिव कमलकांत पाल, मोहित कुमार, नईम अहमद, रिंकू सैनी, अरविंद सिंह, अंकुर सिंह, संजय सिंह, रोहिताश सिंह, शरद चौधरी, संजीव कुमार, गन्ना समिति के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, संचालक परमेंद्र सिंह, वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, डा.सोहित चौधरी, अशोक प्रधान, मनोज कुमार, पीयूष चौहान, अतुल मारवाड़ी, दर्पण रावल, नरेश कुमार, हेमेंद्र सिंह, राजकुमार, धर्मेन्द्र सिंह, भोपाल सिंह, राजीव कुमार, राजवीर सिंह, मिथुन कुमार, नफीस अहमद, मनीष कुमार, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.अर्जुन सिंह द्वारा किया गया।

# 2 मार्च की रात्रि को होगा होलिका दहन

## रंगोत्सव मनाया जायेगा 4 मार्च को

इस वर्ष होलिका दहन की तिथि को लेकर पंचांग और चंद्र ग्रहण के कारण भ्रम बना हुआ है। फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च शाम 5:55 बजे से शुरू होकर 3 मार्च शाम 5:07 बजे तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि होने पर ही होलिका दहन किया जाता है। इस आधार पर होलिका दहन 2 मार्च को रात्रि में किया जाएगा। होलिका दहन का समय रात्रि डेढ़ बजे से पांच बजे के मध्य का रहेगा।

3 मार्च को चंद्रग्रहण है, इसलिए रंग गुलाल नहीं खेला जायेगा। रंगोत्सव 4 मार्च को मनाना शास्त्रसम्मत है।

### होलिका दहन के दिन क्या करें?

सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें और शुभ संकल्प लें।

शुभ मुहूर्त में होलिका दहन की विधि-विधान से पूजा करें।

बच्चों को उत्साहित रखें और उन्हें साहस व सकारात्मकता का संदेश दें।

घर में पारंपरिक पकवान जैसे पूड़ी, खीर, मालपुआ, गुझिया, हलवा और कचौड़ी बनाएं।

इस दिन नृसिंह देव व हनुमानजी की पूजा करें और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें।

शाम के समय परिवार सहित चंद्रमा के दर्शन करें।

होलिका दहन की अग्नि के दर्शन के बाद ही भोजन करें, इसे शुभ माना जाता है।



### होलिका दहन के मंत्र

होलिका दहन के समय मंत्रोच्चारण का विशेष महत्व होता है। अलग-अलग परंपराओं में मंत्र भिन्न हो सकते हैं, लेकिन सामान्य रूप से यह मंत्र बोला जाता है—

**अहकूटा भयत्रस्तै कृता त्वं होलि बालिशै।**
**अतस्त्वां पूजयिष्यामि भूति-भूति प्रदायिनीम्।।**

इसी प्रकार होली की भस्म शरीर पर लगाते समय यह मंत्र बोला जाता है—

**वंदितासि सुरेन्द्रेण ब्रह्मणा शंकरेण च।**
**अतस्त्वं पाहि मां देवी ! भूति भूतिप्रदा भव।।**

मंत्र जप के साथ की गई पूजा को अधिक फलदायी माना जाता है।

### होलिका दहन का धार्मिक महत्त्व

होलिका दहन की परंपरा भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकश्यप की कथा से जुड़ी है। हिरण्यकश्यप एक असुर राजा था, जो स्वयं को भगवान से भी श्रेष्ठ मानता था, जबकि उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। पिता ने कई बार प्रह्लाद को विष्णु भक्ति छोड़ने के लिए मजबूर किया, लेकिन वह अपने मार्ग से नहीं डिगा। क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका की सहायता ली, जिसे वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती। योजना के तहत होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका स्वयं जलकर भस्म हो गई। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि सत्य और भक्ति की हमेशा विजय होती है, जबकि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है। इसी विजय की स्मृति में हर वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। किसी भी त्यौहार के शंका समाधान, जन्मपत्री दिखाने व पूजा पाठ के लिए संपर्क कर सकते हैं।



-आचार्य विनोद गोस्वामी
ज्योतिषाचार्य, वस्तुविद्
7017142498
आवास विकास बिजनौर

# नार्थ इण्डिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में स्पोर्ट्स फेस्ट के फाइनल मुकाबले

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कालेजेज (एनजीआईसी) के मैदान में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 के फाइनल मुकाबलो में बैडमिंटन पुरुष वर्ग अभिनव (बीएड) व आयुष (एमबीए) के बीच खेला गया, जिसमें अभिनव कुमार 2-0 से विजयी रहे तथा महिला वर्ग में रिया यादव बीएससी से व मैत्री बीए एलएलबी के बीच मुकाबले में रिया यादव ने कड़ा मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला बीएससी व सयुक्त टीम मनेजमेंट/फार्मेसी के बीच खेला गया। एनआईजीसी कुलसचिव गौरव वर्मा, प्रिंसिपल डॉ. शिवानी चौहान, प्रिंसिपल डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत राजपूत, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. राम किशोर व पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल मानिक गुप्ता ने सयुक्त रूप से सभी विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। स्पोर्ट्स फेस्ट के संयोजक शिव कुमार, अजय कुमार व बैडमिंटन पुरुष वर्ग से कोऑर्डिनेटर तरुण गहलौत, विवेक राजपूत व महिला वर्ग की कोऑर्डिनेटर रिया सिंह, अनीता रावत व अनम खान, सभी टीमों के कोऑर्डिनेटर वैभव जैन, अमित कुमार, कमल कुमार, प्रदीप, मनोज कुमार, विष्णुदत्त शर्मा, यशपाल व अनिल कुमार उपस्थित रहे। आयोजकों ने एनआईजीसी के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।




सम्मानित की गई विजेता टीम अतिथियों के साथ

# गायत्री शक्तिपीठ पर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने प्रवचन, गायत्री यज्ञ, दीप यज्ञ का प्रशिक्षण प्रदान किया। वरिष्ठ गायत्री परिजन विनोद चौहान ने ढपली प्रशिक्षण देते हुए गूंज ताल, गुमक, कहरवा सिखाते हुए प्रज्ञा गीतों पर ढपली बजाना सिखाया। महिला मंडल की बहनें श्रीमती कामेश शर्मा, श्रीमती पुष्पा शर्मा, श्रीमती रेखा चौहान, श्रीमती आशा गुप्ता, श्रीमती चक्रवर्ती, प्रज्ञा मंडल के एचपी गुप्ता, महिपाल सिंह, महेंद्र कुमार, प्रशांत, निशांत, देवेश सहित साहू जैन महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड
कानपुर
अतिअल्पकालीन निविदा सूचना 37/अ0अ0/बैयॉअखंका/2025-26

पत्रांक : 217/बैयांअनुखं0का/निविदा नोटिस/2025-26 दिनांक 23/02/2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 के यांत्रिक संवर्ग के "ए" श्रेणी या सिविल संवर्ग के "सी" श्रेणी के पात्र पंजीकृत यांत्रिक कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से दिनांक 11.03.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11.03.2026 को 14.00 बजे गठित समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि में राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 28.02.2026 से 09.03.2026 को 16.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड- 67-ए कैण्ट कानपुर से (1) पंजीकरण प्रमाण पत्र (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0-2), (4) अनुभव प्रमाण पत्र (5) स्वघोषणा प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0-3) की मूल प्रतियां प्रस्तुत करते हुए तथा उनकी सत्यापित छायाप्रति ठेकेदार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जमा करने के पश्चात निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो, भी जमा करना होगा।

धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खण्ड कानपुर के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क0 स0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी अतिरिक्त नियमानुसार (लाख रू0) में | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लाट-1 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में चैनेलाइजेशन द्वारा रिवर ट्रेनिंग कार्य हेतु बेलदार की तैनाती। (बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार) | 8.32 | 16,700.00 | 500.00 +18% जी.एस.टी. | 90 दिवस | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) सिविल ("सी" श्रेणी) |
| 2 | लाट-2 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में चैनेलाइजेशन द्वारा रिवर ट्रेनिंग कार्य हेतु मीडियम साइज बोट हायरिंग के कार्य। (बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार) | 7.13 | 14,300.00 | 500.00 +18% जी.एस.टी. | 90 दिवस | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) सिविल ("सी" श्रेणी) |
| 3 | लाट-3 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में चैनेलाइजेशन द्वारा रिवर ट्रेनिंग कार्य हेतु बोटमैन की तैनाती। (बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार) | 6.44 | 12,900.00 | 500.00 +18% जी.एस.टी. | 90 दिवस | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) सिविल ("सी" श्रेणी) |
| 4 | लाट-4 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में चैनेलाइजेशन द्वारा रिवर ट्रेनिंग कार्य हेतु चौकीदार की तैनाती। (बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार) | 6.93 | 13,900.00 | 500.00 +18% जी.एस.टी. | 90 दिवस | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) सिविल ("सी" श्रेणी) |

नोटः निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें, आवश्यक निर्देश व विशिष्टियां निविदा / बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।

R.O.No. 247001 Date: 25-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
बैराज यान्त्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

# शानदार रहा आरवीआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का रिजल्ट





**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिजनौर के बी.फार्मा तृतीय सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर और सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। तृतीय सेमेस्टर से दानिया जिया ने 79.58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, देव कुमार ने 75.73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आफरीन खातून ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर से साजिया परवीन ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अकरम अली ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सौम्या द्विवेदी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सप्तम सेमेस्टर से खुशी सिंह ने 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोशनी कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अंकिता मिश्रा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रबन्धक निदेशक श्री सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

# रोडवेज बस की टक्कर से गौवंश हुआ घायल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज सुबह कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देहरी के पास एक रोडवेज बस ने टक्कर मारकर एक गौवंश को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात की गौरक्षा दल की टीम घटनास्थल पर पहुंची, तब तक ड्राइवर बस को लेकर जा चुका था। टीम ने गौरक्षा दल के जिला संयोजक मयंक उपाध्याय तथा प्रदेश महामंत्री हितैष चौधरी ने कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा थाना प्रभारी ने घायल गौवंश को उपचार के लिये पशु चिकित्सालय भिजवाकर गौरक्षा दल की टीम को बस ड्राइवर के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कल शाम वैदिक कन्या इंटर कालेज के मैदान पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष शिशु शिक्षा समिति के संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, मंत्री प्रदीप भारद्वाज, डा. केही मित्तल व अमित मित्तल आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होली गीत, लेजियम नृत्य, पापा मेरे पापा गीत, नारी उत्थान, ओल्ड ऐज होम आदि रहे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को लोगों ने बहुत सराहा। अपने सम्बोधन में संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता ने भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार, विकास कर्णवाल, पंकज चौहान, आर्यन गुप्ता, सुनील शर्मा, राजीव अग्रवाल, आलोक मदान, विभोर मित्तल, संकेत अग्रवाल एडवोकेट, उमंग अग्रवाल, उर्वशी कर्णवाल, श्रीमती मंजू त्यागी, रविन्द्र कुमार शर्मा,जगत शर्मा, शैलेंद्र यादव,आशू गोयल, विकल्प तोमर, डा. मुदित वैश्य, श्रीमती स्वाति गर्ग आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता शर्मा ने किया। अन्त में प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।




# विधायक ओमकुमार ने ग्राम बल्दिया में किया सड़क का लोकार्पण



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र नहटौर के ग्राम बल्दिया में विधायक निधि से निर्मित सड़क का क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री ओमकुमार द्वारा विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री ओम कुमार ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं, जिससे आवागमन सुगम होता है और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा बिजनौर श्रीमती शोभा रानी, ग्राम बल्दिया के पूर्व प्रधान रामकुमार सिंह, अतुल मारवाड़ी, हेमेंद्र प्रधान, नरेश चेयरमैन सहित बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विधायक ओम कुमार का आभार व्यक्त करते हुए उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना 39/अ0अ0/बैयॉअखंका/2025-26

पत्रांक : 219 /बैयांअनुखं0का/ई-निविदा नोटिस/ 2025-26 दिनांक 23.02.2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http.//etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड पात्र निविदा दाताओं से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 09/03/2026 को 10.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।
आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी अतिरिक्त नियमानुसार (लाख रु0) में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाट-1 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी (from chainage 0.950 km to 1.45 km) में हाइड्रालिक एक्सकवेटर द्वारा एक्सकवेशन / शिफ्टिंग का कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 32.42 | 64,900.00 | 90 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| 2 | लाट-2 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी (from chainage 1.45 km to 2.45 km.) में हाइड्रालिक एक्सकवेटर द्वारा एक्सकवेशन / शिफ्टिंग का कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 32.42 | 64,900.00 | 90 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| 3 | लाट-3 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी (from chainage 2.45 km to 3.20 km.) में हाइड्रालिक एक्सकवेटर द्वारा एक्सकवेशन / शिफ्टिंग का कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 32.42 | 64,900.00 | 90 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| 4 | लाट-4 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी (from chainage 3.20 km to 3.60 km. में हाइड्रालिक एक्सकवेटर द्वारा एक्सकवेशन / शिफ्टिंग का कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 24.32 | 48,700.00 | 90 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| 5 | लाट-5 जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में मड पम्प हायरिंग इत्यादि के कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 16.50 | 33,000.00 | 90 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |

| | | |
|---|---|---|
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | 28/02/2026 को समय 12:00 बजे से |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0एल0 एस0 फार्मेट में | 28/02/2026 को समय 12:00 बजे से 09/03/2026 को 10:00 बजे तक |
| डी | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र व अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय | 09/03/2026 को 12:00 बजे तक |
| ई | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकलबिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | 09/03/2026 को अपराह्न 15:00 बजे |
| एफ | आनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेन्शियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, 67-ए कैण्ट, कानपुर-208004 |

1-निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http.//information.up.gov पर व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http.//idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रक्योरमेंट वेबसाइट http.//etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के नाम केवल इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-'ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहे।

नोट-: 1-निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार का साईट विजिट किया जाना आवश्यक है।
2-बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।
3-ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने हेतु टी0एण्ड पी0 एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

R.O.No. 247021 Date: 25-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
बैराज यान्त्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

# उत्तम शुगर मिल ने किसानों को किया 22 फरवरी तक खरीदे गन्ने का भुगतान

**नांगल सोती (चिंगारी)। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने 22 फरवरी तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान सम्बन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों के खातों में भिजवा दिया है। चालू पेराई सत्र में चीनी मिल ने अब तक 359 करोड़ 14 लाख रूपये का गन्ना भुगतान कर दिया है।**


नरपत सिंह राठौर

बरकातपुर चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर एवं महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि बृहस्पतिवार को मिल ने 13 फरवरी से 22 फरवरी तक खरीदे गये गन्ने के भुगतान के लिये 28 करोड़ रूपये सहकारी गन्ना विकास समितियों नजीबाबाद तथा बिजनौर के माध्यम से किसानों के खाते में भिजवा दिये हैं। 12 फरवरी तक का भुगतान पूर्व में कर दिया गया था। चीनी मिल ने चालू गन्ना पेराई सत्र में अब तक 359.14 करोड़ रूपये का भुगतान कर दिया है। दोनों

## चालू पेराई सत्र में दिये अब तक 359 करोड़ रूपये

अधिकारियों ने क्षेत्रीय कृषकों से अनुरोध किया है कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अपना बेसिक कोटा बनाये रखने के लिये अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। रोगग्रस्त हो चुकी गन्ना प्रजाति सीओ-0238 की बुआई कदापि न करें तथा चीनी मिल स्टाफ द्वारा सुझायी जा रही उन्नतशील एवं अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्रजातियों की ही बुआई करें। अपनी समस्त पेडी, पौधे की गन्ना फसल में ट्राईकोडर्मा 2 लीटर प्रति एकड़ का प्रयोग अवश्य करते हुए फसल को बीमारियों से सुरक्षित करें। पौधे गन्ने की कटाई के उपरान्त खेत में आर.एम.डी. चलाकर ठूठों की कटाई कर दें और अपनी पेडी फसल में अधिक फुटाव प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि जो गन्ना प्लॉट लाल सड़न रोग से ग्रसित हैं, उनमें पेडी किसी भी दशा में न रखें, वर्ना सारा गन्ना रोगी हो जायेगा। अस्वीकृत एवं रोगग्रस्त गन्ना प्रजातियों जैसे पीबी 95, सीओ 5011, सीओ 86032, सीओ 3102 इत्यादि की बुआई न करें। गन्ना फसल सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये चीनी मिल स्टाफ से संपर्क करें। किसान भाईयों ने जिन खेतों में गेहूं के साथ कूड निकाले हैं, उनमें गन्ने की बुवाई तत्काल कर दें।

# बैंकट हॉल में फायरिंग के आरोपी ने पुलिस को बरामद कराया अवैध तमंचा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र के एक बैंकट हॉल में बारातियों द्वारा फायरिंग कर सनसनी फैलाने के प्रकरण में पुलिस ने जेल में निरुद्ध एक अभियुक्त को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया है, जिसकी नाल में खोखा कारतूस फंसा हुआ था। ज्ञातव्य है कि बरकातपुर चौराहे के समीप स्थित एक बैंकट हॉल में विगत 16 फरवरी को कुछ बारातियों ने अवैध तमंचे से फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। दुल्हन के तयेरे जीजा कौशल कुमार निवासी ग्राम तिसोतरा का कहना था कि उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था, जिससे वह बाल-बाल बचा था। कौशल की तहरीर पर पुलिस ने अजीत व शगुन पुत्रगण भूपेन्द्र निवासीगण रसूलपुर आबाद थाना हल्दौर तथा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। शगुन को गिरफ्तार कर पुलिस ने अगले दिन जेल भेज दिया था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि 22 फरवरी को अभियुक्त अजीत उर्फ जीत उर्फ लड्डू पुत्र भूपेन्द्र ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायालय द्वारा उसे अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेज दिया गया था। बृहस्पतिवार को जेल में निरुद्ध अभियुक्त अजीत उर्फ जीत उर्फ लड्डू को न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर लाया गया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर मय नाल में फंसा खोखा कारतूस बरामद किया गया। तमंचा बैंकट हॉल तथा ग्राम महमसापुर के बीच मेन रोड के किनारे स्थित गड्ढे में खड़ी झाड़ियों से बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्मस एक्ट की धारा 3/25/27 की वृद्धि की गयी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना हल्दौर में भी आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है।

# जीजा साली को लेकर फ़रार, रिपोर्ट दर्ज

**नूरपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र शिवाला कलां के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन की शादी करीब नौ माह पूर्व थाना क्षेत्र चांदपुर के गांव अकोंधा निवासी युवक यामीन पुत्र शब्बीर के साथ हुई थी। युवक का कहना है कि उसका जीजा करीब तीन माह से अपनी ससुराल में रहकर काम कर रहा था। आरोप है कि गत 20 फरवरी की शाम करीब चार बजे उसकी छोटी बहन को बहला-फुसलाकर फ़रार हो गया। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित युवक ने पुलिस से अपनी बहन की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस आरोपी जीजा के विरुद्ध मामला दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

# रामा एफ.एम. 90.0 ने गाजीपुर में चलाया टी.बी. जागरूकता अभियान




**किरतपुर (चिंगारी)।** स्मार्ट एन.जी.ओ. और रामा एफ.एम 90.0 की टीम ने 'सेहत सही लाभ कई' अभियान के तहत किरतपुर ब्लॉक के गांव गाजीपुर में एक टीबी जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण जनता को टीबी जैसी भयंकर बीमारी के प्रति सचेत करना और टीबी की समय पर जांच व उसके उपचार के लिए प्रेरित करना था। एफएम टीम मेंबर रुचि शर्मा ने गांव के लोगों से सीधे संवाद करते हुए टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे लगातार खांसी आना, वजन कम होना, बुखार रहना, रात में पसीना आना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पृथ्वीराज ने बताया कि टीबी एक पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, यदि मरीज समय पर जांच करवाकर पूरा और नियमित इलाज करें, इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। श्रीमती रचना चौधरी ने उपस्थित लोगों को निःशुल्क जांच सुविधाओं, सरकारी उपचार केंद्रों तथा टीबी से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। गाजीपुर के ग्रामीणों ने बड़ी रुचि के साथ परिचर्चा में भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। स्मार्ट एनजीओ एवं रामा एफएम 90.0 की टीम श्रीमती रचना चौधरी, रुचि शर्मा, पृथ्वीराज, मोहम्मद उमर खान आदि का यह प्रयास टीबी मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनु, प्रिया, दामिनी व हिमांशी आदि छात्राओं का रामा एफएम टीम को पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह जानकारी एमएम मीडिया प्रभारी डॉ.रवीश कुमार ने दी। एफएम कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा ने टीबी मुक्त भारत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

# पैजनियां में गुलदार ने दो बछड़ों को बनाया निवाला

**पैजनिया (चिंगारी)।** ग्राम पैजनियां में दो दिन में गुलदार ने आबादी क्षेत्र में घुसकर दो बछड़ों को निवाला बना लिया। गुलदार की दहशत से ग्रामीण अपने खेतों पर भी जाने से डर रहे हैं।



गांव निवासी अनिल त्यागी और भीष्म त्यागी के घर गांव के बीच में हैं। घर से कुछ ही दूरी पर दोनों के घेर हैं, जहां उनके पशु बंधे रहते हैं। भीष्म त्यागी ने बताया कि बुधवार की रात्रि गुलदार ने अनिल त्यागी के घेर में बंधे बछड़े को निवाला बना लिया। गुलदार ने मंगलवार की रात्रि भीष्म त्यागी के घेर में बंधे एक बछड़े को भी निवाला बनाया था। वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया की मामला उनके संज्ञान में नहीं है, गांव में टीम भेजी जाएगी।

# किसानों की अनदेखी नहीं की जायेगी बर्दाश्त : रजत



**किरतपुर (चिंगारी)।** ब्लॉक ऑफिस परिसर में राष्ट्रीय किसान मंच की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रजत ने कहा कि किसानों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश पदाधिकारी अशोक कुमार तोमर ने भी किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि पाडला स्थित अस्पताल में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति नहीं रहती, जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। तत्काल स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की गई। किसानों ने ग्राम अंजनीपुर में नया हैंडपंप लगवाने, घरेलू नये बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग की। समस्या के समाधान को खंड विकास अधिकारी कमल सिंह को ज्ञापन दिया। बैठक में अंकुर चौधरी, विनीत चिकारा आदि मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों को लगाये खसरा व रूबेला के टीके

**नूरपुर (चिंगारी)।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सरकार के दिशा निर्देशों के तहत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के मुख्य चिकित्सक डॉ. अजय गंधर्व के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी सीमा भारद्वाज व नंदिनी गौड़ द्वारा बच्चों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद अभिभावकों की सहमति से टीके लगाए गए। स्कूल प्रशासन ने भी पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार खसरा और रूबेला जैसे संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित रखना और समाज में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सभी शिक्षकों व अभिभावकों से सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, मोहित भारद्वाज, बबीता पाल, शिवांगी चौहान, जीवन सिंह, पूजा रानी, प्रीति रानी, शाहीन परवीन, अजय सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।


आरआर स्कूल में टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# कई जगह सबीना मुकम्मल हुआ, मांगी मुल्क में अमन की दुआ

**हल्दौर ( चिंगारी )।** पाक रमजान के महीने में पढ़ी जाने वाली तरावीह की नमाज में नगर में कई जगहों पर सात, आठ व नौ दिनी सबीना मुकम्मल हुआ। इस मौके पर हुई दुआ में बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने शिरकत की।

रमजान के पाक महीने में हर वर्ष नगर में मदीना जामा मस्जिद व मोती मस्जिद के अलावा कई लोगों के घरों पर भी तरावीह की नमाज का सबीना होता हैं, जो इस बार भी कई जगह मुकम्मल हुआ। स्थानीय मौहल्ला तोल्हावाला निवासी जफर अब्बासी के आवास पर 7 दिनी सबीना मुकम्मल हुआ। सबीना में हाफिज मौहम्मद अदनान ने कलाम-ए-पाक पढ़ा, जबकि हाफिज मौहम्मद शोएब ने कलाम-ए-पाक को सुना। इसी तरह मौहल्ला धूलियावाला निवासी नूर फार्मेसी के मालिक अजीम इदरीसी के यहां आठ दिवसीय सबीना में तराबीह की नमाज मुकम्मल हुई। तराबीह की नमाज में हाफिज मौहम्मद हम्माद ने कलाम-ए-पाक पढ़ा, जबकि हाफिज मौहम्मद उजैफा ने कलाम-ए-पाक को सुना। मौहल्ला खेड़ा निवासी अजीम कसकर के यहां भी हुए आठ दिनी सबीना में हाफिज मौहम्मद मोनिस ने कुरान-ए-पाक को पढ़ा, जबकि हाफिज मौहम्मद शहरयार ने सुना। बीती रात मदीना जामा मस्जिद हल्दौर के नीचे मदरसे में भी 9 दिनी सबीना मुकम्मल हो गया, जहां हाफिज मौहम्मद अरीब एडवोकेट ने कलाम-ए-पाक को पढ़ा तथा हाफिज मौहम्मद अल्तमस ने कलाम-ए-पाक को सुना। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने मुल्क और कौम की तरक्की, अमीनो-अमान व आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम रहने की दुआ कराई। हर साल की तरह इस साल भी उक्त सभी जगहों पर बड़े ही धार्मिक माहौल में सबीने में कलाम-ए-पाक मुकम्मल हुआ तथा सभी जगहों पर बड़ी तादाद में मुस्लिमों ने शिरकत कर कुरान-ए-पाक की तिलावत सुनी और दुआ में शामिल हुए।

## अल्लाह की रहमत लेकर आता है रमजान

### महिलाओं का इज्तिमा हुआ



**हल्दौर ( चिंगारी )।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इशातुल उलूम हल्दौर में आयोजित महिलाओं के इज्तिमा में मदरसे की आलिमा शबनम खातून ने रमजान और रोजे की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रमजान अल्लाह की रहमत लेकर आता हैं। रमजान और रोजो की बरकत से गुनाह माफ होते हैं। रिज्क में बरकत होती हैं और जहन्नम से कैदियों को निजात मिलती हैं। अमरीन और यासमीन ने बताया कि कुछ लोगों की रमजान के मुबारक महीने में भी मगफिरत नहीं होती है, जैसे कि चुगली, हसद करने वाले मां-बाप के नाफरमान, झूठ बोलने वाले दिल में किन्हा रखने वालों की मगफिरत नहीं होती हैं। मौलाना मौहम्मद इरशाद साहब ने बताया कि रोजे का मकसद तकवा हैं, अपने तमाम गुनाहों से तौबा करें, अल्लाह को राजी करें, रोजे का बदला अल्लाह ताआला खुद कयामत के दिन देगा, बाकि आमाल का बदला फरिश्ते देगें। रोजेदार इफ्तार और सहरी के वक्त दुआ का खास अहतामाम करें, उस वक्त की दुआ कबूल होती है। सदका अदा करें, उसके अदा करने से अल्लाह का गुस्सा ठन्डा होता है और जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं, जकात अदा करें, माल की हिफाजत रहती हैं, फुजूल खर्च से बचें क्योंकि कयामत के दिन हर चीज का हिसाब होगा। इज्तिमा में शबनम, यासमीन, अमरीन, ताजीम, मन्तशा, अफीफा, सबा, उम्मती, मुशाहिदा, खुर्शीदा सेहत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## कंचन अग्रवाल चुनी गईं होली क्वीन



**नगीना ( चिंगारी )।** लायंस केशव क्लब की महिलाओं द्वारा आयोजित होली उत्सव कार्यक्रम में खूब होली खेली गई। कार्यक्रम में कंचन अग्रवाल को होली क्वीन चुना गया। बृहस्पतिवार की दोपहर धामपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित होली मिलन उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, समाजसेविका ऋतु गर्ग, दीपा मित्तल, स्वाति अग्रवाल, मीनू गोयल आदि ने किया। इस मौके पर महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया। तंबोला, म्यूजिकल गेम्स आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में कंचन अग्रवाल को होली क्वीन का ताज पहनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, सचिव ऋतु गर्ग, विनीत गुप्ता, कंचन अग्रवाल, नीरु बत्रा, ऋतु गुप्ता,स्वाति अग्रवाल, लवली अग्रवाल, शालू गर्ग, मीनाक्षी, मीनू गोयल, दीपा मित्तल, पूनम गोयल आदि महिलाएं मौजूद रही।

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
नौवां रोजा : शुक्रवार 27 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:18, शिया 6:28
दसवां रोज़ा : शनिवार, 28 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:20 शिया 5:13



शहजाद अहमद

## झालू की रूपाली वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**झालू ( चिंगारी )।** कस्बा झालू की होनहार बेटी रूपाली वर्मा पुत्री मुकेश वर्मा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने गृहविज्ञान विषय के अंतर्गत फूड्स एंड न्यूट्रीशियन विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रूपाली वर्मा ने वर्ष 2018 में आर.बी.डी. कॉलेज बिजनौर से एम.एससी उत्तीर्ण की थी। इसके पश्चात वर्ष 2019 में उन्होंने यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया। निरंतर परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर उन्होंने जनवरी/फरवरी 2026 में वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी गजरौला से अपना पीएचडी शोधकार्य पूर्ण कर उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने डॉ. नीलू सिंह के मार्गदर्शन में अपना यह शोध कार्य पूर्ण किया है। रूपाली वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के सहयोग को दिया है। रूपाली के पिता मुकेश वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र की छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी तथा शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी।



## किरतपुर में आवारा कुत्तों का आतंक, लोगों में दहशत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में एक बार फिर कुत्तों का आतंक व्याप्त है। नगर के लोगों ने पालिका प्रशासन से आतंकी कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। कुत्तों का सबसे ज्यादा आतंक सीएचसी के बाहर की सड़क पर है। अस्पताल के दोनों ओर सड़कों पर कुत्तों का झुंड हर वक्त रहता है। अब तो कुत्तों का झुंड बाइक व रिक्शा के पीछे भी भागने लगता है। कल इन कुत्तों के झुंड के भागने से एक बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि ऐसा रोजाना होता है तथा सरकारी अस्पताल के अंदर भी बड़ी संख्या में कुत्ते मौजूद रहते हैं, वहां भी मरीज परेशान देखे जा सकते हैं।

## गोल्डन बैल्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बुधवार को गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव, संस्थापक अरविंदर सिंह काका, स्कूल निदेशक सरदार गुरविंदर सिंह, स्कूल निदेशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। एसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि आज के युग में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी समझ ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा की भावना



जीवित रखने और समाज की समस्याओं के समाधान हेतु विज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह और प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यावहारिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित परियोजनाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र, पवन ऊर्जा मॉडल, जल संरक्षण के आधुनिक एवं व्यवहारिक उपाय, वर्षा जल संचयन प्रणाली, रोबोटिक्स तकनीक, बाढ़ नियंत्रण यंत्र, पाचन संस्थान, स्मार्ट सिटी की परिकल्पना तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अभिनव प्रयोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया, जिससे छात्रों के सर्वांगीण विकास का मार्ग और अधिक प्रशस्त होता रहे। इस अवसर पर सदफ, सीमा, तहा, गौरव, मयंक, विनीत, आरिफ, प्रिंसी, स्नेहा, आकांक्षा, गरिमा, ओमानंद, शिवांगी अध्यापकों सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# बेस अस्पताल कोटद्वार, वर्षों से स्वयं बीमार, फिर कैसे हो रोगियों का उपचार?

## समाजसेवियों ने प्रेस वार्ता कर उठाया अस्पताल की बदहाली का मुद्दा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में क्षेत्र के समाजसेवियों ने बेस अस्पताल कोटद्वार की दयनीय स्थिति को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम कंडवाल ने सूचना अधिकार के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए अस्पताल की गंभीर कमियों को उजागर किया।

राम कंडवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2026 तक के दो वर्षों के दौरान कोटद्वार बेस अस्पताल में 508 मौतें हुई हैं। इसी अवधि में 2258 मरीजों को हायर सेंटर रैफर किया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सबसे ज्यादा खराब स्थिति आईसीयू की है। आईसीयू में चिकित्सा अधिकारी के चार स्वीकृत पद हैं, लेकिन एक भी पद भरा नहीं गया है। फिजिशियन के दो स्वीकृत पद और निश्चेतक के दो स्वीकृत पद भी खाली पड़े हैं। सूचना अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अस्पताल में चिकित्सा संवर्ग के कुल 59 पदों में से मात्र 23 पद ही कार्यरत हैं, जबकि 36 पद रिक्त चल रहे हैं। एक्स-रे टेक्नीशियन के पांच स्वीकृत पदों में से सिर्फ एक ही पद पर ही कर्मचारी कार्यरत है। बताया कि आईसीयू के पदों को भरने के लिए अस्पताल अधीक्षक ने स्थानीय विधायक को 1 जनवरी 2025 को पत्र लिखा था, लेकिन अब तक विधायक ने इस पत्र पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। कहा कि अस्पताल भवन निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं, न फिजिशियन, और यहां तक कि एक्स-रे कराने के लिए मरीजों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। चार दशकों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद स्थानीय विधायक के कार्यकाल में अस्पताल की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने इस मार्ग को एलिवेटेड बनाने के संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान न तो गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी की ओर से पैरवी करने वाली वकील बांसुरी स्वराज ने इस पत्र का जिक्र किया, और न ही किसी अन्य वकील ने। यदि इस पत्र का उल्लेख किया जाता, तो संभवत: सुप्रीम कोर्ट मार्ग को एलिवेटेड बनाने का निर्देश देता। समाजसेवियों ने राज्य सरकार से कोटद्वार बेस अस्पताल में रिक्त पदों को भरने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करने और आईसीयू को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने की मांग की है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी रमेश भंडारी, जयदेव भूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा, समाजसेवी महिमा डोबरियाल, मनमोहन अंथवाल और आशीष बिश्नोई शामिल रहे।



कोटद्वार में प्रेस वार्ता करते समाजसेवी।

## जंगली जानवरों से सुरक्षा को चलाया गया अभियान, झाड़ियों का किया कटान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बाघ सहित अन्य जंगली जानवरों से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग व भारतीय सेना द्वारा अभियान चलाया गया। मौके पर गांव के आसपास झाड़ियों का कटान करते हुए ग्रामीणों को जानवरों से बचाव के तरीके भी बताये गये। रिखणीखाल ब्लाक के बंजा देवी व सेंधीखाल क्षेत्र में झाड़ियों का कटान किया गया। अभियान में गांव के ग्रामीणों ने भी अपना योगदान दिया। दरअसल, रिखणीखाल ब्लाक के विभिन्न गांव में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ग्रामीणों को बाघ गांव के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांव के आसपास बाघ की धमक रोकने के लिए वन विभाग व सेना की ओर से झाड़ियों के कटान का अभियान चलाया गया और झाड़ियों का कटान किया गया। वन विभाग के सतेंद्र जखमोला ने बताया कि अभियान में आसपास के ग्रामीणों का भी सहयोग लिया गया, साथ ही ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया।

## स्मैक के साथ युवक थमा




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जनपद को नशा मुक्त करने व अवैध शराब, चरस, स्मैक, गांजा तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान गोपेश्वर मंदिर के पास स्थित ग्राउन्ड के किनारे रवि कुमार पुत्र सूरजपाल सिंह निवासी कृष्णानगर कालौनी आईडीपीएल ऋषिकेश को 07 ग्राम स्मैक की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना ऋषिकेश में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार ने बताया कि यह स्मैक उसने हरिद्वार से खरीदी थी जिस व्यक्ति से यह स्मैक खरीदी है उस व्यक्ति का नाम पता मुझे मालूम नहीं है। मैं उससे कम पैसों में खरीदकर थोड़ा ज्यादा पैसों में बेच देता हूं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र पवार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल थे।

## विश्व गुर्दा दिवस पर होगा जागरूकता सम्मेलन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नशा मुक्ति एवं किडनी लीवर बचाओ जन जागरण अभियान के राष्ट्रीय संयोजक नंदलाल धनगर ने विश्व गुर्दा दिवस 12 मार्च को गुर्दा रोग जागरूकता सम्मेलन आयोजित करने की मांग की है। कहा कि इस बीमारी को लेकर आम जन को जागरूक करना आवश्यक है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में किडनी और गुर्दा बीमारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। आम जन की अनियमित दिनचर्या के कारण इस रोग का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसलिए 12 मार्च को विश्व गुर्दा दिवस पर आम जन को इस बीमारी के संबंध में जागरूक करने के लिए जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया जाना चाहिए।

## स्वामी आत्म प्रकाश के निर्वाणोत्सव पर कल निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बाबा काली कमली स्वर्गाश्रम ट्रस्ट के संस्थापक स्वामी आत्मप्रकाश महाराज का 97वां निर्वाणोत्सव गंगा घाट स्वर्गाश्रम में धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त प्रबंधक रिकर्नल वी के के श्रीवास्तवा ने बताया कि आज अखण्ड रामायण पाठ प्रात: 7 बजे से समाधि परिसर में प्रारंभ हो गया, भजन संध्या सांय 4 बजे से साढ़े पांच बजे तक गंगा मंदिर घाट आरती स्थल पर होगी एवं कल 28 फरवरी को रामायण पाठ भोग एवं हवन पूजन प्रात: 8 बजे समाधि परिसर में और भव्य शोभायात्रा प्रात: साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक प्राचीन गद्दी से होगी तत्पश्चात विशाल भण्डारा दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक अन्नक्षेत्र परिसर में होगा। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को सांय साढ़े तीन बजे से देश विदेश से पधारे संत महात्माओं का समागम गंगा मंदिर घाट आरती स्थल पर प्रारंभ होगा जिसका दीप प्रज्वलन निर्वाणोत्सव के मुख्य अतिथि सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज द्वारा होगा। तत्पश्चात सांयकालीन गंगा आरती 6 बजे होगी।



स्वामी आत्मप्रकाश महाराज का फाइल फोटो

## करंट से मासूम की मौत, परिवार में कोहराम

**नहटौर ( चिंगारी )। ई-रिक्शा पर खेलते समय करंट की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मोहल्ला नेजो सराय निवासी राशिद का दो वर्षीय पुत्र हुसैन घर के पास ही खड़े एक ई-रिक्शा पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक मासूम का हाथ पास से गुजर रही बिजली के तार से छू गया। तार में करंट होने के कारण बच्चा उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। बच्चे की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे, परिजन चिकित्सक के यहां ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।**

## पत्नी, सास व ससुर को बेहोश कर 2 करोड़ का सोना-चांदी ले गया दामाद

### ससुर की तहरीर पर दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल में ही अपनी पत्नी, सास व ससुर को नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और घर से सोने, चांदी का करीब सवा दो करोड़ से अधिक का सामान, एक लाख की नकदी चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नहटौर के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी सर्राफा व्यापारी संतोष कुमार वर्मा ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी बेटी स्वाति वर्मा जो मूकबधिर है, कि शादी नवीन पुत्र कौशल निवासी कुम्हारपुरा, थाना हल्दौर के साथ हुई थी। आरोप है कि बुधवार-बृहस्पतिवार की रात्रि को आरोपी दामाद नवीन कुमार ने अपनी सास, ससुर व पत्नी को नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और घर में रखा पुश्तैनी सोना करीब 400 ग्राम, दुकान में रखा करीब 500 ग्राम जिसकी कीमत सवा करोड रुपए एवं 40 किलो चांदी जिसकी कीमत एक करोड़ रुपए एवं एक लाख रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड टीम सर्विलांस टीम के साथ मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरों की भी जांच पड़ताल की गई। बताया जाता है कि सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल में दो संदिग्ध एक बाइक पर कुछ सामान ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा दामाद पर ही सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्जकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी गई है।



# सांसद के मुसलमान से कंबल वापस लेने से भाजपा के चरित्र का खुलासा: मुनव्वर अली



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला महासचिव मुनव्वर अली ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद द्वारा कंबल वितरण के दौरान मुसलमान से नाम पूछ कर उनसे कंबल वापस लेना को भाजपा की वह गंदी सोच का परिणाम बताया है जिससे पता चलता है कि भाजपा मुसलमान से कितनी नफरत करती हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से देश के प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले की प्राचीन से दिये गये उसे बयान को भी पलीता लगा है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहते हैं कि देश के मुसलमान के एक हाथ में कंप्यूटर व दूसरे हाथ में कुरान हो। उन्ही के सांसद मुसलमान का नाम पूछकर कंबल वापस ले रहे हैं। वह भी वह कंबल जो सरकारी धन से खरीदे गए थे, इस तरह की घटनाओं से जाहिर होता है कि प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से दिया गया वह बयान एक नाटक था, क्योकि उन्होंने अपने सांसदों को एक समुदाय के खिलाफ जहर उगलने की पूरी छूट दे रखी है। इस घटना के बाद भाजपा का चरित्र सामने आ चुके है। श्री अली ने आगे कहा कि इस समय देश की जनता माननीय अखिलेश यादव की तरफ बड़ी आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह आपसी मतभेद छोड़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश द्वारा बनाए गए पीडीएफ के प्रचार प्रसार के लिए जनता के द्वार जाकर वंचितों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष करे।

# माकपा कार्यकर्ता 24 मार्च को पार्टी की दिल्ली रैली में जाएगे

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) भाजपा सरकार की जन विरोधी नीति, रोजगार छीनो महंगाई बढ़ाओ, किसान विरोधी बीज विधेयक, लेबर कोड वापस लेने, सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था ठप होने आदि के विरोध में 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में विशाल रैली करेंगे। इसमें बिजनौर जनपद भी भागेदारी करेगा। यह निर्णय लाल झंडा कार्यालय आजाद चौक नजीबाबाद में जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता का. रामपाल सिंह एवं संचालन का. बिजेंद्र सिंह जिला सचिव ने किया। पार्टी 22 मार्च तक गांव-गांव नुक्कड़ सभाएं, जत्थे के माध्यम से किसानो, मजदूरों आम जनता को भाजपा की साम्प्रदायिक, देश को बेचने, अमेरिका के दबाव में समर्पण कर आर्थिक हानि पहुंचाने, देश के विश्वविद्यालयों में धर्म का प्रचार-प्रसार करने का प्रचार करेगी। 24 मार्च को जनपद से 50 माकपा कार्यकर्ता दिल्ली रैली में जाएगे तथा शेष तहसील स्तर पर सभाएं करेंगे। बैठक में जिला किसान सभा सचिव का. फरीद, का. इसरार, का. इंद्र कुमार, का. शराफत, का. ऋषिपाल सिंह, का. अमर सिंह, का. इसरार अली आदि उपस्थित रहे।

# नार्थ इण्डिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में बैड्मिंटन मुकाबले

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कालेजेज (एनजीआईसी) के मैदान में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 में बुधवार को बैडमिंटन मुकाबले एमबीए के प्रतीक, आशु अहमद डी.फार्मा व बाबर इलियास सैफी बीसीए व अभिनव कुमार बीएड के बीच खेले गये। जिसमे प्रतीक (एमबीए) व (बीएड) के अभिनव कुमार विजेता रहे। एनआईजीसी कुलसचिव गौरव वर्मा, प्रिंसिपल डॉ. शिवानी चौहान, प्रिंसिपल डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत राजपूत, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ.राम किशोर व पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल मानिक गुप्ता ने संयुक्त रूप से विजेताओं को सम्मानित किया। स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 के संयोजक शिव कुमार व बैड्मिंटन पुरुष वर्ग से कोऑर्डिनेटर तरुण गहलौत, विवेक राजपूत व महिला वर्ग की कोऑर्डिनेटर रिया सिंह, अनीता रावत, अनम खान उपस्थित रही। सभी टीमों के कोऑर्डिनेटर वैभव जैन, अमित कुमार, कमल कुमार, प्रदीप, मनोज कुमार, विष्णु दत्त शर्मा, यशपाल, अनिल कुमार के साथ कॉलेज स्टाफ व दर्शक उपस्थित रहे। आयोजकों ने एनआईजीसी के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल का स्वागत किया। साथ ही साथ मुख्य अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओ को शुभकानाएं दी।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम ATHER अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
एथर इलेक्ट्रिक
असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com


# लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सीमाओं में रहकर भूमिका का निर्वहन करना चाहिए- सतीश महाना

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी सीमाओं में रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष महाना ने सत्र की उपलब्धियों और सदन के बदलते स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय था जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में शंका और निराशा का भाव था, किंतु आज वही सदन गंभीर, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का केंद्र बन चुका है। सतीश महाना ने कहा कि 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार, पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक को अपनाकर कार्यसंस्कृति में व्यापक सुधार किया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अब केवल एक ऐतिहासिक भवन नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, अनुशासन और जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन चुकी है। इन सुधारात्मक प्रयासों के कारण प्रदेश की विधानसभा को देश की अग्रणी विधानसभाओं में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बजट सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण, विचारोत्तेजक और परिणामोन्मुखी रहा। वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तृत, गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमबद्ध विचार-विमर्श हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई। प्रश्नकाल के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की गई, जबकि शून्यकाल में जनसरोकार के विविध विषय प्रभावी ढंग से उठाए गए। इससे स्पष्ट है कि सदन जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। विधान सभा अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय मर्यादाओं का सम्मान किया।


बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर





Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित

सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom


8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स


BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928